बिहार लोक सेवा आयोग

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रा॰) प्रतियोगिता परीक्षा

एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रा॰) प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक–13.12.2024 को 12:00 बजे मध्याह्न से 02:00 बजे अपराह्न तक राज्य स्थित 912 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी, परन्तु पटना जिला स्थित एक परीक्षा केन्द्र बापू परीक्षा परिसर, कुम्हरार, पटना में परीक्षा अवधि में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा प्रश्न–पत्र लीक होने संबंधी अफवाह फैलाकर हंगामा किया गया तथा परीक्षा को बाधित किया गया। इसके अलावा उनके द्वारा अन्य अभ्यर्थियों, जो परीक्षा देना चाहते थे, को भी परीक्षा देने से रोकने की कोशिश की गई, जिसके कारण अधिकांश अभ्यर्थी परीक्षा नहीं दे सके।

अतः उपरोक्त के आलोक में उक्त परीक्षा केन्द्र के अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए आयोग द्वारा **केवल बापू परीक्षा परिसर, कुम्हरार, पटना** पर आयोजित परीक्षा को रद्द (Cancel) करने का निर्णय लिया गया है। उक्त परीक्षा केन्द्र के अभ्यर्थियों की पुनर्परीक्षा की तिथि यथाशीघ्र आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित की जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।